कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/म.गां.अनु./प्रभाग–ब/अंग्रेजी माध्यम/संविदा भर्ती/66174/2022/ **दिनांकः** 29/03/23

विज्ञप्ति

राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त स्वीकृति क्रमांकः प.4(15)शिक्षा–1/अं.मा.काडर/2022 जयपुर, दिनांकः 17.03.2023 के क्रम में **"सहायक अध्यापक, लेवल–प्रथम व सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय संविदा भर्ती, 2023"** हेतु जारी विज्ञापन संख्या–01/2022–23 दिनांकः 15.01.2023 व विज्ञापन संख्या–02/2022–23 दिनांकः 15.01.2023 में **"सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय (गणित)"** का पदनाम **"सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय (विज्ञान–गणित)"** संशोधित करते हुए पदों की अर्हताओं में निम्नानुसार आंशिक संशोधन किया जाता है:–

क्र.सं.	विज्ञापन संख्या	क्षेत्र	बिन्दु संख्या	पद हेतु अर्हताएं	पद हेतु संशोधित अर्हताऐं
01	01/2022–23 दिनांकः 15.01.2023	गैर अनुसूचित क्षेत्र	**10.2 (A) शैक्षिक अर्हताः–**	न्यूनतम 50% अंकों सहित गणित/अंग्रेजी (संबंधित पद हेतु) वैकल्पिक विषय के साथ अंग्रेजी माध्यम में स्नातक।	i. **सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय (विज्ञान–गणित) पद हेतुः–** न्यूनतम 50% अंकों सहित वैकल्पिक विषय के रूप में रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जीव विज्ञान, सूक्ष्म जीव विज्ञान (Micro Biology), जैव प्रौद्योगिकी (Bio-Technology), जैव रसायन विज्ञान (Bio-Chemistry) और गणित में से कम से कम एक विषय के साथ **अंग्रेजी माध्यम में स्नातक।** ii. **सहायक अध्यापक, लेवल–द्वितीय (अंग्रेजी) पद हेतुः–** न्यूनतम 50% अंकों सहित अंग्रेजी वैकल्पिक विषय के साथ **अंग्रेजी माध्यम में स्नातक।**
02	02/2022–23 दिनांकः 15.01.2023	अनुसूचित क्षेत्र			

उक्त संविदा भर्ती के अन्तर्गत जारी संशोधनों के क्रम में विज्ञापित पदों हेतु Recruitment Portal पर ऑनलाईन आवेदन लिये जाने की अवधि दिनांकः 01.04.2023 से दिनांकः 10.04.2023 रात्रि 12:00 बजे तक बढ़ाई जाती है। **पूर्व में आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों को पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी।**

अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपना आवेदन पूरी सावधानी के साथ भरें, यदि आवेदन में किसी भी प्रकार की त्रुटि रहती है तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी आवेदनकर्ता की होगी तथा ऑनलाईन आवेदन में संशोधन हेतु विभाग स्तर पर किसी भी प्रकार का पत्र व्यवहार स्वीकार्य नहीं होगा।

शेष शर्तें मूल विज्ञापनों के अनुसार यथावत रहेगी।

(गौरव अग्रवाल)
IAS
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर